अभि० जमाबंदी रद्द 06/2022





14.03.2023

-: आदेश :-

अभिलेख उपस्थापित।

यह संदिग्ध/अवैध जमाबंदी रद्दीकरण वाद सं०-06/2022 राजस्व उप निरीक्षक, हल्का सं०-03- सह- प्रभारी अंचल निरीक्षक, करमाटांड़ (विद्यासागर) के जाँच प्रतिवेदन के आलोक में संस्थित किया गया है।

राजस्व उपनिरीक्षक, हल्का सं०-03- सह- प्रभारी अंचल निरीक्षक, करमाटांड़ (विद्यासागर) ने प्रतिवेदित किया है कि अंचल-करमाटांड़ (विद्यासागर) अंतर्गत मौजा-करमाटांड़, थाना सं०-11, खाता सं०-107/6, रकबा-0.27 एकड़ भूमि जमाबंदीधारी ईशादली मियाँ पिता-गोपी मियाँ, ग्राम+पो०+थाना-करमाटांड़, जिला-जामताड़ा के नाम से जमाबंदी सं०-107/6 में जमाबंदी कायम है तथा लगान वर्ष 1989-90 से 2001-02 तक जमा दर्ज है। अभिलेख कायम में किसी राजस्व पदा० का आदेश अंकित नहीं होने से तथा भूमि का किस्म पुरानी परती होने से उक्त जमाबंदी संदिग्ध प्रतीत होती तथा जमाबंदी रद्दीकरण की कार्रवाई की अनुशंसा के साथ प्रतिवेदित किया है।

जाँच प्रतिवेदन के आलोक में जमाबंदीधारी/उनके जीवित वारिसान को पक्ष रखने हेतु नोटिस निर्गत किया गया।

वादी की ओर से उनके पौत्र श्री मो० गुलाम मुस्तफा तथा परपौत्र श्री रजा कैसर ने उपस्थित होकर अपने दावा के समर्थन में बंदोबस्ती वाद-446/1959-60 (अनुमंडल पदा०, जामताड़ा) तथा कई लगान रसीद की छायाप्रति समर्पित किया है। वाद में समर्पित कागजातों की मूल एवं सत्यापित प्रति प्रदर्शित किया।

समर्पित कागजातों का अवलोकन किया। तदोपरान्त दखल-कब्जा संबंधी प्रतिवेदन की मांग राजस्व उपनिरीक्षक/अंचल निरीक्षक/अंचल-अमीन, करमाटांड़ (विद्यासागर) से की गई।

मापी के उपरान्त राजस्व उपनिरीक्षक/अंचल अमीन/अंचल निरीक्षक ने संयुक्त प्रतिवेदन देकर जमाबंदी में वर्णित भूमि के दाग सं०-565 के अंश रकबा-0.27 एकड़ भूमि पर जमाबंदीधारी के जीवित वारिसानों के शांतिपूर्ण दखल कब्जा संबंधी प्रतिवेदन तथा नक्शा समर्पित किया है।

बंदोबस्ती कागजात, संलग्न लगान रसीद तथा मापी सह दखल संबंधी जाँच प्रतिवेदन के आलोक में उपरोक्त वर्णित जमाबंदी सं०-107/6 को नियमित किया जाता है। संबंधित राजस्व उपनिरीक्षक/अंचल निरीक्षक, करमाटांड़ (विद्यासागर) को निदेश दिया जाता है कि ऑफलाइन तथा ऑनलाइन पंजी-II में तत्संबंधी सुधार करें तथा लगान रसीद निर्गत करें।

अभिलेख की कार्रवाई समाप्त की जाती है।

ह० 14.03.23
अंचल अधिकारी
करमाटांड़
(विद्यासागर)

Digitally signed by RAM PRAWESH KUMAR
Date: 2024.07.09 15:16:20 +05:30
Location: 192.168.1.3